# बंद पड़ी मार्केटिंग सोसायटी

**गोटेगांव, देशबन्धु।** सहकारी संस्थाओं का उपक्रम नगर में कई वर्ष पहले अपना परचम लहराने वाली सहकारी विपणन संस्था मर्यादित गोटेगांव जो कई वर्षों से बंद पड़ी है जिसका कायाकल्प होना आज के युग में अति आवश्यक हो गया है पहले यह संस्था नगर और ग्रामों में एक शुमार थी और अब धीरे-धीरे शासन की नीति और संस्था के नुमाइंदों ने इसे डुबा दिया जिससे यह संस्था गर्त में चली गई। लिहाजा इतनी बड़ी बिल्डिंग में मात्र एक राशन की दुकान सिर्फ है जो संस्था को मुंह चिढ़ा रही है।

स्मरण हो कि पहले इस संस्था में मिट्टी का तेल, मीठा तेल, शक्कर, अनाज और शिक्षा के मंदिर के छात्रों के लिए कॉपियां भी मिलती थी इतना ही नहीं स्टेशनरी और कपड़ा भी राशन कार्ड पर उचित दाम पर जनता को उपलब्ध कराया जाता है किंतु अब यह दूर की कौड़ी सिद्ध हो रही है पहले इसका नाम सहकारी विपणन संस्था गोटेगांव था परंतु अब तो बोर्ड भी नहीं बचा। इतना




## शासन हुआ उदासीन

सभी कुछ होते हुए भी यह संस्था नहीं बच पाई।जानकारों ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन इस संस्था को उचित दाम पर जनता को देने के लिए जीवन यापन की वस्तुएं उपलब्ध कराता था परंतु अब यह संस्था धीरे-धीरे उजड़ने की ओर अग्रसर है यदि शासन इस दिशा में इस संस्था को जीवन दान देती है तो इसे जीवित कर पुनः चालू करने के लिए शासन को सभी वस्तुएं और अनुदान उपलब्ध कराना होगा। यह अर्ध शासकीय संस्था में गिनी जाती है जिसमें वाकायदा अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों का चुनाव होता है और यह समिति इस संस्था को संचालित करती थी।

आशा है शासन इस दिशा में कोई ठोस पहल करे तो इसका लाभ जनता को फिर से मिलने लग जाएगा।

# पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने सौंपा ज्ञापन

**सिवनी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के जिला मंडला में हुए फर्जी एनकाउंटर में मृत राष्ट्रीय मानव निर्दोष हिरण सिंह बेगा आदिवासी के पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने हेतु जिला आदिवासी कांग्रेस ने महामहिम राष्ट्रपति महोदय जी के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया।

दिनांक 9 मार्च 2025 को मध्य प्रदेश के मंडला जिले के तहसील बिछिया थाना क्षेत्र खटिया ग्राम खटिया लसरे टोला निवासी राष्ट्रीय मानव संरक्षित जनजाति आदिवासी भाई हिरण सिंह परते की वर्तमान भाजपा सरकार में नक्सली बताकर फर्जी एनकाउंटर से बर्बरता पूर्ण हत्या की गई ।

मृतक हिरण सिंह बेगा गरीब मजदूर व मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति था और वनोपज व मजदुरी से परिवार का भरण पोषण करता था।वर्तमान सरकार की लापरवाही एवं षड्यंत्र से हिरण सिंह बेगा की हत्या हुई है। मृतक की पत्नी श्रीमती बिसरोबाई एवं पांच बच्चे हैं जो हिरण सिंह बेगा की हत्या के बाद



बेसहारा हो गए हैं। इस विपरीत परिस्थिति में पीड़ित परिवार का लालन.पालन बहुत कठिन हो गया है।

जल जंगल जमीन पर आदिवासी वर्ग का अधिकार है और आदिवासी इस देश का मूल निवासी हैं। वर्तमान भाजपा सरकार में चारों तरफ आदिवासी वर्ग पर अत्याचार शोषण की घटनाएं बढ़ रही हैं।

जैसे नेमावर कांड, सीधी का पेशाब कांड, सिवनी का हत्या कांड, महूं में दुष्कर्म और हत्या, विदिशा के लटेरी में लकड़ी तस्करी के आरोप में वन रक्षकों द्वारा चैन सिंह की गोली मारकर हत्या, गुना में जमीन के मामले मे रामप्यारी बाई को जिंदा जलाया गया। नीमच में कन्हैयालाल भील को पिकअप से घसीट कर मारा गया जो सरकार की नाकामी को दर्शाता है।

सिवनी जिला आदिवासी कांग्रेस विभाग महामहिम राष्ट्रपति महोदय जी से मांग करती है कि मृतक हिरण सिंह बैगा की हत्या की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच हो।यह जांच समिति माननीय हाई कोर्ट के जज की निगरानी में पांच सदस्यो की कमेटी बने जिसमें एक आदिवासी जज व आदिवासी वर्ग के पक्ष और विपक्ष दोनों के विधायक सदस्य शामिल हो ।

घटना से संबंधित थाना प्रभारी ध् मंडला जिले के पुलिस अधीक्षकए हांक फोर्स के अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए। पीड़ित परिवार को दो करोड़ की सहायता राशि सरकार द्वारा प्रदान किया जाए। पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी व बच्चों का भरण पोषण शिक्षा का खर्च वर्तमान सरकार वहन करे नक्सलियों के आड़ में निर्दोष आदिवासियों को जल जंगल जमीन से बेदखल करना पूर्ण रूप से रोका जाए।

## सार-समाचार



### बच्चों को सुरक्षित करने चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो अभियान आयोजित

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** विगत दिवस नगर पालिका इंदिरा स्कूल एवं पी. एम. श्री शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खमरिया झांसीघाट में छात्रों को आत्मरक्षा कार्यक्रम में एस, आई मैडम जयवती कुड़ापे वंदना मैडम एवं स्नेहलता श्रीवास्तव अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन गोटेगाव ब्लॉक उपाध्यक्ष नरसिंहपुर जिला द्वारा समझाया गया की सोशल मीडिया का प्रयोग आवश्यक होने पर ही करे एवं किसी भी प्रकार की घटना होने पर महिला पोलिस से संपर्क करे आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है की बच्चों एवं महिलाओं में अपने अधिकारों को लेकर जागरूकता बड़े एवं किसी भी होने वाली घटना के प्रति जागरूक हों साक्ष्य दिखाते हैं की हिंसा शोषण और दुर्व्यवहार अक्सर बच्चें के जानकार व्यक्ति द्वारा ही किया जाता है इंटरनेट के बढ़ते उपयोग से बच्चों के साथ हिंसा के नए आयाम जैसे साइबर-भ् उत्पीड़न यौन शोषण के के रूप में हो रही है इस तरह की हिंसा के नतीजे हानिकारक और दीर्घकालिक हैं मेरे इस कार्य में इंद्रा स्कूल एवं पी. एम. श्री खमरिया स्कूल का सहयोग रहा।

### रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित



**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का ग्राम घुटास में गुरुवार को समाजसेवी डॉ. विजय आनंद मरावी के मुख्य अतिथ्य, विशिष्ट अतिथि बिछिया मंडल के मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट खेल समिति के अध्यक्ष धीरेंद्र कम्हरे(सरपंच), उपाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर, हीरा ठाकुर, सुनील राय, अभिषेक ठाकुर , अनिल शुक्ला ने भारत मां के तैल्य चित्र का पूजन, दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। स्वर्गीय इंद्र कुमार श्याम की स्मृति में आयोजित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है , अतिथियों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर टॉस करा कर मैच का शुभारंभ किया । प्रथम दिवस पर दर्शक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों ने समझा अतिरिक्त कलेक्टर का कामकाज

**छपारा, देशबन्धु।** आईटीआई कॉलेज छपारा में प्रशिक्षण की गुणवत्ता में अभिवृद्धि व विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए निरंतर विभिन्न विभागों का शैक्षणिक भ्रमण कराया जा रहा है। इसी क्रम में स्टेनोग्राफर हिंदी ब्रांच के छात्र-छात्राओं को कार्यालय अतिरिक्त कलेक्टर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिले के इस महत्वपूर्ण कार्यालय जो कि एक जिले में सरकार का एक प्रमुख कार्यालय होता है, की कार्य पद्धति से अवगत हुए और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ।

विद्यार्थियों को बताया गया कि कार्यालय अतिरिक्त कलेक्टर जिले के प्रशासन में कलेक्टर को सहायता प्रदान करता है और यह राजस्व प्रशासन,कानून व्यवस्था, विकास योजनाएं,चुनाव और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित कार्य करता है। भूमि राजस्व,करों और शुल्कों का संग्रह,भूमि रिकॉर्ड का रखरखाव करता है। जिले में विकास योजनाओं का क्रियान्वयन और निगरानी करना भी इसका प्रमुख कार्य है।

स्टूडेंट्स ने आलग-अलग शाखाओं का भ्रमण किया ।



अतिरिक्त जिला कलेक्टर सी एल चनाप द्वारा विद्यार्थियों को प्रशासनिक कार्यों से अवगत कराया गया एवं विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

उन्होंने बताया कि जो मुकदमें तहसील स्तर पर नहीं सुलझ पाते उनकी आगे की कार्यवाही जिला कार्यालय में की जाती है एवं कोई राजस्व संबंधी विवाद है तो व्यक्ति स्वयं भी कार्यालय अतिरिक्त कलेक्टर में भी अपील कर सकता है। व्यक्ति स्वयं या अपने वकील द्वारा अपना पक्ष पेश कर सकता है।

आवक शाखा में नूपुर पांडे ने शाखा की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से समझाया और प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि रजिस्टर में किस प्रकार से आने जाने वाली डाक की प्रविष्टि की जाती है, किस प्रकार सम्बंधित तक पहुंचाया जाता है और संधारण किया जाता है।

स्टेनोग्राफर नरेश कुमार सोनी ने विद्यार्थियो को उनके आगामी भविष्य के लिए प्रेरित किया और स्टेनो की शाखा के बारे में जानकारी प्रदान की।

छात्रा साक्षी ने अतिरिक्त कलेक्टर महोदय के कार्यों और कार्यक्षेत्र के संबंध में जानना चाहा, जिसे वहां उपस्थित अधीक्षक महोदय ने सूक्ष्मता से समझाया । छात्रा प्रांजल सरयाम ने बताया कि अतिरिक्त कलेक्टर कार्यालय की कार्यालयीन प्रणाली को समझने में यह शैक्षणिक भ्रमण हमारे लिए अत्यंत मददगार रहा। भ्रमण के दौरान सस्था के प्रशिक्षण अधिकारी , पीडी नापित तथा प्रतिभा सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे । कॉलेज प्राचार्य नलिन तिवारी की निरंतर स्टूडेंट्स के बहुमुखी विकास करने की जिजीविषा के चलते यह संभव हो पाया है।

# जैविक खेती से कायम की मिसाल

**तिगांव, देशबन्धु ।** पांढुर्णा जिले के ग्राम तिगांव के प्रगतिशील किसान कृषक नरेन्द्र ठाकरे ने अपने सतत प्रयासों और नवाचार से जैविक खेती में मिसाल कायम की हैं। कृषक ठाकरे, जो कि एक समर्पित किसान हैं, ने अपनी 5.188 हेक्टेयर कृषि भूमि पर संतरा, मक्का, तुअर, कपास, मिर्च और शिमला मिर्च जैसी फसलों की खेती करते हुए अपनी पहचान बनाई है। साथ ही, उनके पास 35 पशुधन भी हैं, जिनका समुचित देखभाल कर वे जैविक खाद उत्पादन में भी योगदान दे रहे हैं।

कृषक ठाकरे ने आत्मा परियोजना के मार्गदर्शन में कई वर्षों से जैविक खेती को अपनाया है। अपनी खेती में वे किसी भी प्रकार के रासायनिक उर्वरकों या कीटनाशकों का उपयोग नहीं करते हैं। उनके अनुसार, जैविक खेती न केवल मिट्टी की उर्वरता बढ़ाती है, बल्कि हमारी सेहत और पर्यावरण को भी सुरक्षित रखती है।

कृषक ठाकरे ने अपने खेत में 30 से अधिक वर्मीपिट तैयार किए हैं, जिससे वे जैविक खाद का निर्माण कर अपनी फसलों को पोषक तत्व प्रदान करते हैं। इसके अलावा उन्होंने चार एजोला टैंकों का निर्माण किया है, जिसका उपयोग वे पशुओं के चारे के रूप में करते हैं और पानी का प्रयोग फसल वृद्धि के लिए प्राकृतिक उत्प्रेरक के रूप में करते हैं। पशुओं के लिए पोषक चारे की व्यवस्था के लिये कृषक ठाकरे ने नेपियर घास की भी खेती शुरू की है।

कीट प्रबंधन के लिए वे परंपरागत तरीकों जैसे गौमूत्र, नीम काढ़ा, सड़ा हुआ छाछ और विभिन्न पत्तियों का उपयोग कर अपनी फसलों को



प्राकृतिक रूप से सुरक्षित रखते हैं। इस बारे में वे कहते हैं, रसायनों पर निर्भरता कम करके हम अपनी मिट्टी को फिर से जीवंत बना सकते हैं।

कृषक ठाकरे के खेत में लगभग 2000 संतरे के पौधे हैं, जिससे उन्हें प्रतिवर्ष लगभग 15 लाख रुपये की शुद्ध आय प्राप्त होती है। इसके अलावा, मक्का, तुअर और अन्य सब्जियों की फसलों से उन्हें करीब 2.5 लाख रुपये की अतिरिक्त आमदनी भी होती है।

## सर्प मित्र ने किया नागिन का रेस्क्यू

**जुन्नारदेव, देशबन्धु ।** नगर के वार्ड क्रमांक 18 में स्थित सुकरी हनुमान मंदिर में रात्रि लगभग 8ः00 बजे नागिन दिखाई देने से श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया मंदिर के पुजारी एवं आम जनों द्वारा सर्पमित्र अकील सिद्दीकी को नागिन मंदिर परिसर में दिखाई देने की सूचना दी गई जिस पर सर्पमित्र द्वारा तत्परता दिखाते हुए रेस्क्यू कर नागिन को पकड़ा इसके बाद आम जनों ने राहत की सांस ली।



# पांढुर्णा में खेल संघ का गठन

**पांढुर्णा, देशबन्धु।** खेल जगत - विगत दिनों जिला जिला पांढुर्णा के खेल संघ का गठन किया गया। भारतीय खेल पिट्ठू (लगौरी) और योग स्पोर्ट्स खेल संघ का गठन किया गया नया जिला बनने पर खेल जगत में पहला जिले का एक संगठन है। जिसने मध्य प्रदेश खेल संघ से मान्यता मिली हे। इस संघ के सभी पदाधिकारी गण बहुत ही अनुभवी और खेल प्रेमी हैं जो आगामी समय में सौसर और पांढुर्णा से खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में अपना पूरा सहयोग प्रदान करेंगे। सबसे बड़ी बात यह है।



इस संघ के पिट्ठू खेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश विजयवर्गीय कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन और मध्य प्रदेश पिट्ठू खेल के अध्यक्ष हरि नारायण यादव, मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी बोर्ड मेंबर, एवं महासचिव गुलाब सिंह चौहान इंदौर से हैं। इन्हीं के मार्गदर्शन व सहमति से अब नए जिला पांढुरना में खेल संघ का गठन किया गया।

जिले के पदाधिकारी की सूची निम्न प्रकार से है । जिसमें पिट्ठू और योग खेल संघ जिला पांढुरना में संरक्षक सांसद विवेक बंटी साहू, अध्यक्ष संदीप मोहड़, उपाध्यक्ष राजेंद्र निमकर, जयंत गुरु, अनिल खांबोलकर,सदाशिव खंडाईत, अनिल ठाकरे, सचिव सतीश मालवी, सह सचिव मारोती बुले, कोषाध्यक्ष नरेश आकोटकर, कमेटी सदस्य रवि कोठेकर मोना करवन्दे, प्रवीण वाघमारे, लखन लाल गोहते,योगिता ठाकरे होमदेव होटे शामिल हैं। जो आगामी समय में सौसर और पांढुर्णा में अच्छे खिलाड़ी जिले को देंगे ।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 22 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र कृष्ण पक्ष की अष्टमी, नक्षत्र- मूल।**

**मेष**
आज आपके निर्धारित काम आसानी से पूरा कर सकेंगे, परंतु ऐसा हो सकता है कि आप जो प्रयत्न कर रहे है।

**वृषभ**
हाथ में लिए हुए काम समय पर पूरा न होने पर हताशा का अनुभव होगा। कार्य सफलता में थोड़ा विलंब होगा।

**मिथुन**
स्फूर्ति और उत्साह से आपके आज का दिन प्रारंभ होगा। मित्रों तथा परिजनों के साथ बाहर घूमने जाएंगे तथा पार्टी का आयोजन होगा। `क-

**कर्क**
आज आपको सफलता और आनंद की प्राप्ति होगी। घरेलू वातावरण सुख-शांतिवाला होगा। नौकरी में लाभ हो सकता है।

**सिंह**
आपको साहित्य में कुछ नवीन सृजन करने की प्रेरणा मिलेगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल होने के कारण पढ़ाई में सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

**कन्या**
आज का दिन किसी भी काम के लिए अनुकूल नहीं है। आपका स्वास्थ्य खराब होगा, मन में चिंता महसूस होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होगा।

**तुला**
शुभ या धार्मिक अवसरों पर यात्रा प्रवास का आयोजन होगा। भाई-बंधुओं के साथ अच्छे वातावरण में घरेलू मामलों पर चर्चा होगी।

**वृश्चिक**
परिवार में संघर्ष या मनमुटाव होने की संभावना है, अतः ध्यान रखें। आपको नेगेटिविटी से दूर रहना चाहिए।

**धनु**
आज आपके निर्धारित काम में सफलता और आर्थिक लाभ की संभावना है। सपरिवार मांगलिक कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। कहीं घूमने जाने या खासकर किसी तीर्थयात्रा पर जाने की संभावना है।

**मकर**
स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी। मन में उचाट अनुभव करेंगे। व्यवसाय में सरकार का हस्तक्षेप बढ़ेगा।

**कुंभ**
मांगलिक और नए काम का आयोजन करने के लिए अत्यंत शुभ दिन है। अविवाहितों का विवाह आयोजित होगा।

**मीन**
आज आपके सभी काम सफलतापूर्वक सफल होंगे। नौकरी और व्यवसाय में पदोन्नति होगी।

म.

## रामाकोना का ऐतिहासिक एकनाथ षष्ठी मेला

# श्री विट्ठल रुखमणि के दर्शन करने पहुंचे हजारों श्रद्धालु

**आकाश खंडाईत**

रामाकोना, देशबन्धु। नागपुर छिन्दवाड़ा राजमार्ग पर कन्हान नदी किनारे बसे ग्राम रामाकोना में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी एकनाथ षष्ठी मेले का आयोजन 20 मार्च से लगभग 15 दिनों तक चलने वाले इस मेले में महाराष्ट्र राज्य से अधिकांश सख्या में श्रद्धालु यात्री श्री तीर्थ क्षेत्र रामाकोना में स्थित प्रसिद्ध विट्ठल रूखमणी मंदिर में भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने प्रतिवर्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराते है।

**एकनाथ षष्ठी मेले का इतिहास** - बताया जाता है कि वारकरी संप्रदाय के भक्तजनों के लिए प्रेरणास्त्रोत इस मेले में ग्राम के ह्रदयस्थल में विराजमान विठ्ठल रूखमणी का दर्शन लाभ आवश्यक माना जाता है। भारत संत, महात्मा, योगी पुरुषो की जन्म भूमि रही है जिन्होंने अपनी शक्तियों के बलबूते पर धर्म से विमुख होने वाले लोगों के समक्ष चमत्कारिक, अविश्वसनीय कार्य करके धर्म पर लोगो की आस्था मजबूत की ऐसे ही संत हिरामन महाराज तथा वाताजी महाराज हुए जिनके कारण रामाकोना का षष्ठी मेला का जन्म हुआ ।





**वारकरी संप्रदाय के भक्ति भाव से प्रचार** - प्रसार में रात दोनों भाई आषाढ़ी कार्तिक को भगवान विठ्ठल के दर्शनार्थ पंढरपुर जाने लगे ,प्रभु स्मरण करते हुए दिन रात पैदल चलकर भगवान के दर्शन करने वाले दोनों भाई बिरले थे थकान से दूर दोनों भाई रामाकोना तथा आस पास के ग्रामो में विठ्ठल भगवान का भजनों कीर्तनो से जन जन तक बखान करने लगे कहते है (

एक बार भगवान ने हिरामन को दर्शन दिए और कहा कि भक्त फाल्गुनी मास के रंगपंचमी से सप्तमी तक अर्थात तीन दिन पंढरपुर से उठकर रामाकोना में नदी किनारे तुम्हारे पूजा स्थल अवश्य आऊँगा भगवान के वचनो को आशीर्वाद समझ दोनों भाई रंगपंचमी का इंतजार करने लगे भगवान के दर्शन की बात आग की तरह चारो और फैल गई और फिर हजारों भक्त हिरामन महाराज के पूजा स्थल तक पहुच गए साधु संत भक्तो की भीड़ में बैठे संत हिरामन को भगवान ने दर्शन दिए और कहा कि नदी जाकर एक घड़े में रेत तथा दूसरे घड़े में पानी ले आओ और मेरा नाम स्मरण कर प्रसाद उपस्थितों को बाट दे महाराज ने भगवान के अनुसार वैसा ही किया और नदी से घड़े लाने के बाद जैसे ही घड़े का ढक्कन खोला गया तो चमत्कार हो गया रेत की शक्कर और पानी का घी बन गया महाराज के असंख्य भक्तो ने गगन भेदी ,जयघोष किया।

### जनप्रतिनिधियों ने किया अभिषेक

संतों की नगरी श्री तीर्थ क्षेत्र पैठण तुल्य ग्राम रामाकोना में दहिलाई के दिन प्रातः परपंरा अनुसार अभिषेक किया जाता है जिसमे क्षेत्र के विधायक विजय चौरे, सौसर नपा अध्यक्ष सुरेखा इंदरचंद डागा, जिला पंचायत सदस्य संदिप भाऊ मोहोड़, जनपद पंचायत सदस्य डॉक्टर गुलाबराव पांडे, नवनियुक्त सरपंच कोकिला देवेंद्र चौधरी , उपसरपंच संतोष चौधरी, भाऊराव चौधरी, चिंतामन गाढवे की उपस्थिति में अभिषेक किया गया।

**नरेंद्र साहू ने 51000 रूपये का किया सहयोग** - गत वर्ष नवनिर्वाचित सांसद विवेक बंटी साहू के पिताजी नरेंद्र साहू ने इसी मंदिर मे माथा टेक मन्नत मांगी थी की मेरे बेटे को सांसद बनाओ मै इस मंदिर मे एकनाथ षष्ठी मेले मे भंडारे के लिए 51 हजार का सहयोग करूंगा अपनी बात पर अटल रहे श्री साहू ने इस अवसर पर मंदिर मे माथा टेक समिति को 51 हजार की राशि से सहयोग किया गया।